भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1900**

दिनांक 03.08.2016/12 श्रावण, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**तेलुगु बोलने वाले राज्यों में माओवादी हिंसा में कमी**

**1900. श्री सी.एम. रमेश:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या यह सच है कि विगत दो वर्षों के दौरान तेलुगु बोलने वाले राज्यों में माओवादी हिंसा में कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) तेलंगाना तथा आंध्र प्रदेश में आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों को जीविका प्रदान करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हंसराज गंगाराम अहीर)**

**(क) और (ख): जहां गत दो वर्षों में आन्ध्र प्रदेश में वामपंथी उग्रवादी हिंसा अलग-अलग प्रवृतियां दर्शा रही हैं, वहीं इसी अवधि के दौरान तेलंगाना में यह कम हो रही है। वर्ष 2014 से 2016 (दिनांक 15 जूलाई तक) के दौरान आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना में वामपंथी उग्रवादी हिंसा का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।**

**(ग): वामपंथी उग्रवादी को मुख्यधारा में लाने के लिए, राज्य सरकारों की अपनी समर्पण और पुनर्वास नीतियां हैं। राज्य सरकारों के प्रयासों को सम्पुरित करने के लिए, केन्द्र सरकार वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के लिये सुरक्षा संबधी व्यय योजना के तहत राज्य सरकारों द्वारा अपनी समर्पण एवं पुनर्वास नीति के संदर्भ में आत्म समर्पण करने वाले वामपंथी उग्रवादियों के पुनर्वास पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति कर रही है।**

<u>रा.स.अता.प्र.सं.1900</u>

दिनांक 01.04.2013 से प्रभावी संशोधित नीति के अनुसार, केन्द्र सरकार ऊंचे रैंक वाले एलडब्ल्यूई कैडर के लिए अधिकतम 2.5 लाख रू. और मध्यम/निचले रैंक के एलडब्ल्यूई कैडर के लिए 1.5 लाख रू. के अध्यधीन आत्म समर्पण करने वाले एलडब्ल्यू कैडरों के लिए अनुदान पर खर्च किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति कर रही थी। हथियारों/गोलाबारूद के समर्पण के लिए दिए गए अतिरिक्त प्रोत्साहनों की प्रतिपूर्ति की गई है, जो डेटोनेटर से लाइट मशीन गन, राकेट लांचर आदि प्रकार के समर्पण किए गए हथियारों के आधार 10 हजार रू. से 35,000 रू. तक है। इसके अतिरिक्त, समर्पणकर् को अधिकतम 36 माह की अवधि के लिए 4,000 रू. तक के मासिक वजीफे का भुगतान किया गया है। यह योजना दिनांक 31.03.2016 तक संचालन में थी।

<u>अनुलग्नक</u>

<u>आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना में वामपंथी उग्रवादी हिंसा का ब्यौरा</u>

| राज्य | 2014 | | 2015 | | 2016 (दिनांक 15 जुलाई तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | घटनाएं | मौतें | घटनाएं | मौतें | घटनाएं | मौतें |
| आन्ध्र प्रदेश | 18 | 4 | 35 | 8 | 12 (15) | 5 (5) |
| तेलंगाना | 14 | 5 | 11 | 2 | 5 (4) | 0 (1) |

* कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष 2015 की तदनुरूपी अवधि के ब्यौरे दर्शाते हैं।

----